आईआईएम रांची: 16वीं आईएसडीएसआई ग्लोबल कांफ्रेंस का समापन, 593 रिसर्च पेपर प्रस्तुत हुए

रांची| आईआईएम रांची में शनिवार को आईएसडीएसआई (इंटरनेशनल सोसाइटी फॉर डेटा साइंसेज एंड इनोवेशन) ग्लोबल कॉन्फ्रेंस 2023 के 16वें संस्करण का समापन हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में आईआईएम अहमदाबाद के डायरेक्टर प्रो. भरत भास्कर, आईआईएम रांची के डायरेक्टर दीपक कुमार श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे। इसके अंतिम दिन स्टार्टअप, उद्यमिता और भारतीय बी-स्कूलों के अंतरराष्ट्रीयकरण पर चर्चा हुई। इस कांफ्रेंस का विषय रीइमेजिनिंग ग्लोबलाइजेशन रखा गया था। वहीं कॉन्फ्रेंस के चार प्रमुख उप-विषयों में अंतरराष्ट्रीयकरण, सामाजिक प्रभाव, नवीनता और प्रभावशाली अनुसंधान शामिल रहा। कांफ्रेंस के तीन दिनों तक बौद्धिक चर्चा, पैनल सत्र, कार्यशाला हुए। इसमें कुल 593 रिसर्च पेपर प्रस्तुत हुए, जो आईआईएम, आईआईटी, प्रमुख बिजनेस स्कूल और केंद्रीय विश्वविद्यालयों के प्रबंधन विभाग सहित दुनिया भर के 1078 लेखकों द्वारा लिखी गई है।

Dainik Bhaskar_30.12.2023_Pg. 03